विरासत | जिले भर से इंटेक ने प्राचीन चीजों को 6 माह में किया एकत्रित

ग्रामीण जीवन की भूली बिसरी वस्तुओं की बरौदा में प्रदर्शनी

नवभारत, बेलखाड़ू, जबलपुर। मनुष्य जीवन हजारों लाखों वर्षों की यात्रा करते हुए आज के आधुनिक समय तक पहुंचा है, इस यात्रा में उसने अपनी जरूरतो के अनुरूप उपयोगी वस्तुओं और उपकरणों के आविष्कार किये । उनका उपयोग किया और विकास का रास्ता प्रशस्त किया हम आधुनिक और भविष्य की ओर बढ़ते रहे परंतु इस विकास में जो पड़ाव आए और पारंपरिक चीजों ने अपना योगदान किया ।

हमें उन्हें भुलाना नहीं है संरक्षित करना है ताकि अगली पीढ़ी उससे अनजान ना रहें। उपर्युक्त विचार जबलपुर के पूर्व कमिश्नर और भारतीय सांस्कृतिक निधि राज्य मध्यप्रदेश इंटेक के संयोजक दीपक खांडेकर ने ग्राम बरौदा में इंटेक द्वारा प्राचीन चीजों को संग्रहित कर आयोजित प्रदर्शनी और संगोष्ठी के आयोजन में व्यक्त किये। सबसे पहले अतिथियों में श्रीमती गीता शरद तिवारी ,डॉ संजय मेहरोत्रा, राजेंद्र चंद्रकांत राय, ब्रिगेडियर विपिन त्रिवेदी द्वारा

प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में खेती किसानी, घरद्वार, बनाने और अन्य नाप-जोख करने वाले प्राचीन उपकरणों सहित लगभग 100 प्रकार की वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया ।जबलपुर जिले के विभिन्न इलाकों से पधारे ग्रामीण जन अपने साथ ऐसी पुरातत्वीय महत्व की वस्तुएं लेकर आए थे। प्रदर्शनी का आयोजन ग्राम बरोदा के इंटेक सदस्य रूपेंद्र पटेल के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर डॉ संजय महरोत्रा ने मनुष्य की उत्पत्ति से आज तक कृषि के क्षेत्र में निर्मित किए गए और उपयोग किए गए उपकरणों का ऐतिहासिक विकास क्रम प्रस्तुत किया ।

इस अवसर पर पनागर सहित जबलपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से की गणना नागरिक ने हिस्सेदारी की इसमें प्रमुख श्रीमती शीला पटेल, विक्रम सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, प्रशांत मिश्रा, अनुराग जैन गढ़ावाल, बृज बिहारी पटेल, दिनेश पटेल, मुकेश पटेल, अभिषेक यादव, प्रमोद पटेल, केके अग्रवाल, रामकेश पटेल, भूपेंद्र सिंह यादव, एडवोकेट रमेश पटेल, जितेंद्र पटेल, जीवन पटेल सहित जिले भर से ग्रामीण जन उपस्थित रहे। यहां महिलाओं की मंडलियों ने प्राचीन वाद्य यंत्रों से गीत संगीत की प्रस्तुतियां दीं। जिले से प्राचीन वस्तुओं को लाने वाले ग्रामीणजनों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

पंचमपुरा में निकली विशाल चुनरी यात्रा

▶ युवाओं व मातृशक्ति की बड़ी संख्या में रही सहभागिता

नवभारत, कटंगी, जबलपुर। नवरात्र के पावन पर्व पर कटंगी नगर के वार्ड क्रमांक 6 पंचमपुरा स्थित जादू माई देवालय से विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

चुनरी यात्रा में विशेष रूप से युवा वर्ग एवं मातृशक्ति की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। भक्तजन भक्ति गीतों एवं जयकारों के साथ पूरे मार्ग में उत्साहपूर्वक शामिल रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। यह चुनरी शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मां काली माई मंदिर कटंगी पहुंची, जहाँ बिधि-विधान से माता जी को चुनरी अर्पित की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु आयोजकों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं, जिससे आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कांग्रेस की बैठक संपन्न, सुरेंद्र शर्मा को दी श्रद्धांजलि



पनागर। नगर में आज कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर अपने विचार रखे।बैठक के दौरान नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी एवं बुजुर्ग समाजसेवी सुरेंद्र शर्मा जी (बड़े दादा) के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान, सादगीपूर्ण जीवन और मिलनसार व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वर्गीय शर्मा जी के साथ बिताए अपने अनुभव साझा किए। ज्ञात हो कि वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे और 90 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। बैठक का समापन श्रद्धांजलि और संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

श्रीमति अर्चना पटेल का निधन

बेलखाड़ू। बेलखाड़ू के समीप ग्राम बघोंडा निवासी श्रीमती अर्चना पटेल (50 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। आप संतोष पटेल की धर्मपत्नी, प्रिंस पटेल की मां थीं। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम ग्राम बघोंडा में रविवार सुबह 10 बजे किया जाएगा।

श्री विष्णु चौबे का निधन

पनागर। ग्राम पंचायत मटामर निवासी श्री विष्णु चौबे का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया आप संतोष चौबे,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर चौबे के भाई थे अंतिम संस्कार स्थानीय शमशान घाट में सुबह 11 बजे किया जायेगा।

यासिर अराफात खान जिला अध्यक्ष बने

कटंगी, जबलपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह जी की अनुशंसा ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव की सहमति से यासिर अराफ़ात ख़ान कटंगी को बेरोजगार प्रकोष्ठ की जबलपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष पद पर नियुक्तकिया गया है। पार्टी के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नेकनारायण सिंह, जयंत जैन ,जगदीश सोनी ,सुरेंद्र शुक्ला ,मनोज तिवारी, ललित सोनी, महेंद्र नेमा ,फ़िरोज़ ख़ान मनीष चौरसिया आसिफ़ ख़ान, रमन सैन, लक्ष्मी झारिया आदि कांग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित की है।

ननि में अधीक्षक यंत्री रहे अजय शर्मा का निधन

जबलपुर। ननि के अधीक्षक यंत्री रहे अजय शर्मा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में हुआ। वे लंबे समय तक नगर निगम में अपनी सेवाएं देते रहे और अजय शर्मा के निधन से उनके परिवार एवं ननि में शोक की लहर है।

पनागर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कलश यात्रा का आयोजन

पनागर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकासखण्ड पनागर नवांकुर संस्था वसुंधरा सामाजिक सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम कुशनेर के संयुक्त तत्वाधान मे जल गंगा संवर्धन अभियान जल शक्ति से नव भक्ति कार्यकम का आयोजन ग्राम कुशनेर में प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों व स्थानिये ग्राम जनो की उपस्थिति में किया गया।

सरप्रथम ग्राम की खेरमाता की भव्य आरती एवं कलश पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को जल की हर एक एक बूंद को सहेजने के विषय मे बताते हुये ग्राम जनो की उपस्थिति में जल कलश यात्रा का आयोजन करते हुऐ ग्राम में रैली के माध्यम से आमजनों को जल है तो कल है का संदेश दिया गया है। पारस दाहिया सेक्टर प्रभारी के द्वारा बताया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशन में पूरे मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का आयोजन जनभागीदारी, जनसहयोग, श्रमदान से किया जा रहा है जिसमे आमजनों को सुरक्षित जल समृद्ध कल का संदेश दिया जा सके उसी तारतम्य में आज प्रस्फुटन समिति सदस्यों, स्थानियजनो की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम पश्चात श्री शिव मंदिर ग्राम कुशनेर में आम राहगीरों को गर्मी में शुद्ध जल मिल सके इस हेतु (प्याऊ) की व्यवस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम कुशनेर के द्वारा की गई है कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण पटेल (पूर्व सरपंच), आशीष प्रजापति,धर्मेंद्र पटेल,जितेन्द्र पटेल,आदर्श सेन, मनोज प्रजापति परामर्शदाता के साथ ग्राम की नवांकुर सखियों,एवं समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिती में कार्यक्रम संपन्न किया गया है।

युवती, युवक ने लगाई फांसी

नवभारत, जबलपुर। घमापुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली तो अधारताल अंतर्गत न्यू कंचनपुर शारदा कालोनी में रहने वाली युवती ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली ।मृतकों ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है । पुलिस दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच कर रही है ।

घमापुर पुलिस ने बताया कि सुधीर श्रीवास्तव निवासी बीजाटोला थाना परसवाड़ा जिला बालाघाट ने सूचना दी कि वह प्राईवेट शिक्षक है उसका छोटा भाई समीर श्रीवास्तव भगवान टेंट हाउस के पास घमापुर में निवास करता था बीती रात लगभग 12-15 बजे घर में पंखे से लायलोन की रस्सी से स्वयं फांसी लगा ली। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत समीर श्रीवास्तव 44 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार अधारताल थाने में फिरोज मंसूरी 27 वर्ष निवासी न्यू कंचनपुर ने सूचना दी कि वह चाय पान की दुकान शोभापुर फाटक पर चलाता है। शनिवार सुबह लगभग 9 बजे अपनी दुकान में था उसकी बहन मनतशा परवीन पलंग पर लेटी हुयी थी माॅ फरीदा बेगम भी अपनी ड्यूटी कम्पनी में जाने के लिये तैयार हो रहीं थीं। वह दुकान से लगभग 11-15 बजे घर आया बाहर का दरवाजा अंदर से बंद था कुण्डी लगी हुयी थी उसने हाथ डालकर दरवाजे की कुंडी खोली एवं अंदर जाकर देखा तो बहन मनतशा 25 वर्ष पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी पर लटकी थी जिसकी मौत हो चुकी थी।

1 अप्रैल से बकाया करों की राशि होगी दो गुना

जबलपुर। नगर निगम ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में करदाताओं और व्यापारियों की सुविधा के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार, आज रविवार को भी नगर निगम के सभी कैश काउंटर और लाइसेंस नवीनीकरण कार्यालय सामान्य दिनों की तरह खुले रहेंगे। नगर निगम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अवकाश के दिन भी नागरिक बिना किसी हड़बड़ी के अपने करों का भुगतान कर सकें और सरकारी छूट का लाभ उठा सकें। इस संबंध में निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति में अब केवल 3 दिन बचे हैं।

चल समारोह | श्री जानकी रमण मंदिर कटंगी में भक्तिभाव से मनाया गया रामनवमीं पर्व

रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी



नवभारत, कटंगी, जबलपुर। रामनवमी के पावन अवसर पर कटंगी स्थित श्री जानकी रमण मंदिर कटंगी में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन हेतु उमड़ पड़ी। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। राम जन्म के शुभ मुहूर्त पर विशेष आरती एवं पूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर भजन-कीर्तन एवं रामायण पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर में प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया।

मंदिर के व्यवस्थापक श्री राकेश दुबे जी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पर्व पूरे भक्तिभाव एवं अनुशासन के साथ मनाया गया तथा सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की गईं।

जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरा वातावरण 'जय श्री राम' के जयघोष से गूंज उठा। मंदिर के महंत श्री बृज किशोर दास महाराज जी के द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण और आशीर्वाद दिया गया